दिन–शुक्रवार दिनांक– 14 / 08 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु अस्सीवें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर आज राष्ट्र को संबोधित करेंगी।

02. देश के बंटवारे के दौरान पीड़ा झेलने वाले लोगों की याद में आज विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाया जा रहा है।

03. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा – पटना में वर्ल्ड ट्रेड सेंटर का निर्माण किया जायेगा।

04. और, आर्थिक अपराध इकाई ने नीट यूजी दो हजार छब्बीस में अनियमितता और गड़बड़ी के मामले में दो मेडिकल छात्रों समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया।

————————————————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज अस्सीवें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र को संबोधित करेंगी। राष्ट्रपति का संबोधन शाम सात बजे आकाशवाणी के सभी राष्ट्रीय चैनलों पर प्रसारित किया जाएगा। यह दूरदर्शन के सभी चैनलों पर हिंदी में प्रसारित होगा, जिसके बाद इसका अंग्रेजी संस्करण भी प्रसारित किया जाएगा। दूरदर्शन पर हिंदी और अंग्रेजी में संबोधन के प्रसारण के बाद, इसका क्षेत्रीय भाषाओं में प्रसारण दूरदर्शन के क्षेत्रीय चैनलों पर किया जाएगा।

————————————————————

राष्ट्रपति के संबोधन के कारण आकाशवाणी पटना से प्रसारित होने वाले प्रादेशिक समाचार के प्रसारण समय में बदलाव किया गया है। आज सांध्यकालीन समाचार बुलेटिन का प्रसारण शाम छह बजकर पैंतीस मिनट से किया जाएगा। वहीं, जिले की हलचल का प्रसारण छह बजकर बावन मिनट से होगा।

————————————————————

स्वतंत्रता दिवस पर पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में आयोजित मुख्य राजकीय समारोह में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ध्वजारोहण करेंगे और परेड की सलामी लेंगे। परेड में बिहार पुलिस, सीआरपीएफ, आईटीबीपी, बीएमपी, होमगार्ड, एनसीसी और भारत स्काउट्स एंड गाईड के जवान भाग लेंगे। साथ ही विभिन्न विभागों की ओर से तेरह झांकियां निकाली जायेंगी। इन झांकियों में पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तिकरण, डिजिटल खेती, आपदा प्रबंधन और शिक्षा समेत कई महत्वपूर्ण विषयों को शामिल किया गया है। समारोह को देखते हुए पटना में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गयी है।

सीसीटीवी कैमरे से गांधी मैदान और आस–पास के इलाकों की निगरानी की जा रही है।

———————————————————————————

प्रदेश में हर घर तिरंगा अभियान के तहत कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसे लेकर लोगों में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है।

———म्यूजिक———

विभिन्न जिलों से हमारे संवाददाताओं ने बताया है कि अभियान के तहत तिरंगा रैलियां और वंदे मातरम् के सामूहिक गान का आायेजन किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत सीतामढ़ी जिले में आज तिरंगा रैली निकाली जायेगी। रैली में जिले के प्रभारी मंत्री, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक और अन्य गणमान्य लोग शामिल होंगे। वहीं, भागलपुर जिले के सभी प्रखंडों में वरिष्ठ पदाधिकारियों और संबंधित पदाधिकारियों की उपस्थिति में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कहलगांव में अनुमंडल पदाधिकारी के नेतृत्व में हर घर तिरंगा अभियान के तहत रामपुर पंचायत में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गयी। वहीं, अररिया जिले में हर घर तिरंगा अभियान के तहत विभिन्न विद्यालयों और जीविका परियोजना अंतर्गत संचालित विभिन्न समूहों द्वारा तिरंगा यात्रा तथा जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

———म्यूजिक———

———————————————————————————

आज विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस है। इस अवसर पर देश वर्ष उन्नीस सौ सैंतालीस के विभाजन के दौरान अपनी जान गंवाने वाले और असहनीय पीड़ा झेलने वाले सभी लोगों को श्रद्धांजलि दे रहा है। एक रिपोर्ट –

———रिपोर्ट———

विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विभाजन से प्रभावित सभी लोगों के साहस को याद किया। सोशल मीडिया पोस्ट में, प्रधानमंत्री मोदी ने कामना की कि यह दिन हमारे राष्ट्र में सद्भाव और भाईचारे को बनाए रखने के हमारे संकल्प को और मजबूत करेगा। इधर, मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर विभाजन की पीड़ा और विस्थापन झेलने वाले लाखों भारतीय परिवारों को विनम्र श्रद्धांजलि दी है।

———————————————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि पटना को आधुनिक और वैश्विक स्तर के शहर के रूप में विकसित करने के लिए वर्ल्ड ट्रेड सेंटर का निर्माण किया जायेगा। पटना में विभिन्न भूमि खण्डों के पुनर्विकास और निर्माण कार्यों की समीक्षा के दौरान

मुख्यमंत्री ने पटना के सुनियोजित विकास और सरकारी भूमि के बेहतर उपयोग के निर्देश दिये। इस दौरान बिहार संग्रहालय, नेहरू पथ के सामने, गर्दनीबाग, भूतनाथ सेक्टर–छह और बोरिंग कैनाल रोड स्थित भू–खंड के पुनर्विकास के लिए राष्ट्रीय भवन निर्माण निगम, एनबीसीसी ने प्रस्ताव प्रस्तुत किया। साथ ही गया, भागलपुर, बेगूसराय और दरभंगा जैसे शहरों में भी उपयुक्त सरकारी भूमि को चिह्नित कर विकास की समेकित योजना तैयार करने पर सहमति बनी।

———————————————————————

नगर विकास एवं आवास मंत्री नीतीश मिश्रा ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि वर्ल्ड ट्रेड सेंटर के निर्माण से पटना और उसके आस–पास के क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियां और राष्ट्रीय–अंतरराष्ट्रीय कारोबार को बढ़ावा मिलेगा।

———साउंड बाईट———

———————————————————————

राज्य सरकार ने मुख्य सूचना आयुक्त और सूचना आयुक्त के रिक्त पदों पर नियुक्ति के लिए 'खोजबीन समिति' का पुनर्गठन किया है। सामान्य प्रशासन विभाग के अनुसार मुख्य सचिव समिति के अध्यक्ष बनाये गये हैं। वहीं, राज्य के विकास आयुक्त और सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव को समिति का सदस्य बनाया गया है। यह समिति रिक्त पदों के लिए प्राप्त आवेदनों की जांच करेगी। इसके बाद नियुक्ति की प्रक्रिया पूरी की जायेगी।

———————————————————————

प्रदेश में सीवान, सारण, मुंगेर, मिथिला और मोतिहारी में विशेष मत्स्य क्लस्टरों का विकास किया जायेगा। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने विजन दो हजार तीस– बिहार मत्स्य प्राथमिकता परियोजना की समीक्षा बैठक में ये निर्देश दिये। आठ प्राथमिकता परियोजनाओं के माध्यम से एक हजार आठ सौ अड़तालीस हेक्टेयर के अधिक प्रत्यक्ष हस्तक्षेप क्षेत्र और नौ हजार तीन सौ संतावन हेक्टेयर के परियोजना प्रभाव क्षेत्र को विकसित करने का प्रस्ताव है। इन परियोजनाओं के माध्यम से पचास हजार दो सौ मीट्रिक टन मत्स्य उत्पादन का लक्ष्य प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विजन दो हजार तीस से बिहार को अग्रणी अंतर्देशीय मत्स्य राज्य बनाने की दिशा में गति मिलेगी।

———————————————————————

आर्थिक अपराध इकाई, ईओयू ने नीट यूजी दो हजार छब्बीस की परीक्षा में अनियमितता और गड़बड़ी करने के आरोप में दो मेडिकल छात्र समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। जांच एजेंसी ने लखीसराय के तीन केंद्रों पर हुई धांधली के मुख्य

सरगना डॉक्टर रविशंकर उर्फ सम्राट, उसके भाई अश्विनी कुमार और तीन मई को रद्द हुई नीट परीक्षा से जुड़े मामले के आरोपी मेडिकल छात्र उज्ज्वल राज को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में डॉ रविशंकर और डॉक्टर उज्ज्वल राज नालंदा के पावापुरी मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस अंतिम वर्ष के छात्र हैं। इनकी गिरफ्तारी अलग–अलग दिन पटना के जक्कनपुर स्थित आर्यभट्ट ज्ञान विवि परीक्षा केंद्र के बाहर से हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार ये दोनों एमबीबीएस अनुत्तीर्ण छात्रों के लिए संचालित तीसरे वर्ष की पूरक परीक्षा में शामिल होने के लिए केंद्र पर पहुंचे थे। बाद में गिरफ्तार आरोपियों की निशानदेही पर ईओयू ने पटना के रामकृष्णा नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत दो ठिकानों पर छापेमारी कर बड़ी संख्या में आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद किये हैं।

————————————————————————

कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि राज्य में खाद कालाबाजारी, जमाखोरी और निर्धारित मूल्य से अधिक पर बिक्री करने के मामले में अंठावन उर्वरक प्रतिष्ठानों पर प्राथमिकी दर्ज करायी गई है। पटना स्थित कृषि भवन में खाद, बीज, और कीटनाशक की उपलब्धता और वितरण की स्थिति की समीक्षा बैठक के दौरान यह जानकारी दी। श्री सिन्हा ने बताया कि राज्य के विभिन्न जिलों में अनियमितता के मामले में दो सौ चौरानवे उर्वरक दुकानों का लाइसेंस रद्द कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि राज्य में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध है।

————————————————————————

राज्य के सरकारी अस्पतालों में कल से नई रेफरल नीति लागू होगी। प्रारंभिक चरण में इसे जिला अस्पतालों में लागू किया जाएगा। प्रखंड स्तरीय अस्पतालों को भी मरीज को बड़े अस्पतालों में रेफर करने के पहले तय मानक पूरे करने होंगे। सभी जिला अस्पतालों के गहन चिकित्सा इकाई, आईसीयू को सक्रिय कर दिया गया है। वर्तमान में राज्य के अड़तीस जिलों में से छत्तीस में जिला अस्पताल संचालित हैं।

————————————————————————

राजधानी पटना समेत दक्षिण बिहार के जिलों में कल शाम हुई अच्छी बारिश से लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली है। मौसम विभाग के अनुसार आज राज्य के उत्तर–पश्चिमी, दक्षिण–पश्चिमी और दक्षिण–मध्य हिस्सों में कुछ स्थानों पर आंधी के साथ वज्रपात की आशंका है।

———साउंड बाइट———

————————————————————————

नाइजीरिया के लागोस में आयोजित कॉमनवेल्थ फेंसिंग चैंपियनशिप के अंडर–ट्वेंटी थ्री पुरुष फॉयल टीम स्पर्धा में राज्य के तुषार ने कांस्य पदक जीता है। गौरतलब है कि राज्य सरकार ने मेडल लाओ नौकरी पाओ योजना के अन्तर्गत तुषार को पिछले वर्ष नौकरी दी थी।

पुणे में खेली जा रही सोलहवीं राष्ट्रीय जूनियर महिला हॉकी प्रतियोगिता में बिहार और उत्तराखंड के बीच खेला गया मुकाबला ड्रॉ रहा। बिहार की टीम को टूर्नामेंट के पहले मैच में कर्नाटक से हार का सामना करना पड़ा था। टीम दो लीग मैचों में गोवा और तमिलनाडु से खेलेगी।

———————————————————

अररिया जिले के फारबिसगंज में बुनियाद केंद्र में अंतरपीढ़ीकरण–सह–संवेदीकरण और अटल वयो अभ्युदय योजना के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में चालीस से अधिक वरिष्ठ नागरिक और लाभार्थी शामिल हुए।

———————————————————

किशनगंज जिले के कोचाधामन थाना क्षेत्र के शीतल नगर बस स्टैंड के पास उत्पाद विभाग ने तीन सौ बत्तीस लीटर शराब बरामद की है। पुलिस ने दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के हवाले से लिखा है– भरत तिवारी के परिवार से एक को नौकरी देंगे।

दैनिक जागरण की बड़ी खबर है– लोकसभा के मॉनसून सत्र में बिना चर्चा के पास हुए ग्यारह विधेयक।

प्रभात खबर की सुर्खी है– पटना एम्स में पहली बार जीवित डोनर से किया गया लिवर ट्रांसप्लांट।

दैनिक भास्कर ने लिखा है– चांद नहीं दिखा, ईद–ए–मिलादुन्नबी छब्बीस अगस्त को।

आज अखबार लिखता है– टीआरई–फोर में शामिल होंगे एसटीईटी अभ्यर्थी भी।

———————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु अस्सीवें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर आज राष्ट्र को संबोधित करेंगी।

02. देश के बंटवारे के दौरान पीड़ा झेलने वाले लोगों की याद में आज विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाया जा रहा है।

03. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा – पटना में वर्ल्ड ट्रेड सेंटर का निर्माण किया जायेगा।

04. और, आर्थिक अपराध इकाई ने नीट यूजी दो हजार छब्बीस में अनियमितता और गड़बड़ी के मामले में दो मेडिकल छात्रों समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया।

———————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।